# जर्मनी में व्यावसायिक प्रशिक्षण की क्या प्रक्रिया है ?

क्या आप जर्मनी में कोई व्यवसाय सीखना चाहते हैं ? यहाँ आपको जर्मनी में व्यावसायिक प्रशिक्षण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिल जायेंगीं।



GOETHE INSTITUT

## क्या मैं जर्मनी में एक व्यावसायिक प्रशिक्षण ले सकता/सकती हूँ? मेरे पास इसके लिए क्या योग्यता होनी चाहिए ?

हर संस्था यह स्वयं निर्णय लेती है कि उसके यहाँ अप्रेंटिसशिप के लिए क्या शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए। नियमतः स्कूल की अंतिम परीक्षा का प्रमाण पत्र, अच्छे अंक और जर्मन भाषा का अच्छा ज्ञान होना चहिये। अप्रेंटिसशिप के लिए कम से कम माध्यमिक शिक्षा का सर्टिफिकेट जरूरी है। स्कूली शिक्षा के प्रमाण-पत्र के बिना अप्रेंटिसशिप मिलना कठिन है।

### मेरे पास कम से कम एक जर्मन स्कूली शिक्षा का सेकेंडरी स्तर का सर्टिफिकेट है।

नहीं →

### मेरे पास विदेश में स्कूली शिक्षा पूरी करने का सर्टिफिकेट है।

नहीं →

### मेरे पास अब तक स्कूली शिक्षा पूरी करने का कोई सर्टिफिकेट नहीं है।

#### „QUALI“ क्वाली

कुछ जर्मन प्रदेशों में योग्यता प्राप्त करने के लिए एक सेकेंडरी परीक्षा Quali होती है। यह परीक्षा नवीं कक्षा के बाद होती है। Quali करना ज़रूरी नहीं है, पर किसी संस्था में अप्रेंटिसशिप मिलना आसान हो जाता है।

हाँ

### पढ़ाई जारी रखना

नगर प्रशासन में पता कीजिये कि आप अपने पास के किस स्कूल में जा सकते हैं। तत्संबंधी स्कूल के संचालक, स्कूल के अधिकारियों से विचार-विमर्श के बाद इस बात का निर्णय लेने के लिए के लिए अधिकृत हैं कि आप उसका हिस्सा बनेंगे। कक्षा का निर्धारण साधारणतया एक ट्रायल सेशन(परीक्षण समय) के बाद होता है।

हाँ

### स्कूली प्रमाण-पत्र का प्रमाणन

स्कूली प्रमाण-पत्र को प्रमाणन के संबंध में जानकारी आपको **www.anerkennung-in-deutschland.de** और **www.anabin.kmk.org** पर मिलेगी।

हाँ

### क्या मैंने निर्णय कर लिया है कि मैं कौन सा प्रशिक्षण करूंगा/करूंगी ?

हाँ

नहीं

## उपयुक्त प्रशिक्षण के बारे में मैं कैसे पता करूँ ?

**जर्मन रोजगार कार्यालय के Website Berufe TV** • अप्रेंटिसशिप व्यवसायों के बारे में विडियो, **A-Z** **www.berufe.tv** पर जाएँ।

**Berufenet (रोज़गार कार्यालय )** • ट्रेनिंग और पढ़ाई संबंधित कार्यक्रमों के लिए **www.berufenet.arbeitsagentur.de** पर जाएँ।

**जर्मन रोज़गार कार्यालय** • स्थानीय परामर्श के लिए पास का ऑफिस ढूँढने के लिए **www.arbeitsagentur.de** पर जाएँ।

**मेक इट इन जर्मनी** • पर हॉटलाइन “जर्मनी में काम और जीवन” **www.make-it-in-germany.com** पर जाएँ।

#### प्रारंभिक प्रशिक्षण

इसमें व्यक्ति किसी संस्था में कुछ दिन काम करता है और काम को समझता है। इसके बारे में युवा प्रवासी सेवा (**www.jugendmigrationsdienste.de**) पर जाएँ या सीधे उस संस्था में पता करें जहाँ आप काम करना चाहते हैं।

## अप्रेंटिसशिप ढूंढना और आवेदन करना

**जर्मन रोजगार कार्यालय** • व्यक्तिगत परामर्श रिक्त स्थानों के अनुमोदन के लिए पास के सेवा केंद्र **www.arbeitsagentur.de** पर जाएँ।

सूचना और आवेदन निर्देश के लिए **www.ausbildung.net**, **www.arbeitsagentur.de**, **www.planet-beruf.de** पर जाएँ।

**रोजगार कार्यालय का जॉबपोर्टल** अप्रेंटिसशिप ढूँढने के लिए **www.jobboerse.arbeitsagentur.de** पर जाएँ।

**किशोर अप्रवासी सेवा** चैट द्वारा या स्थानीय परामर्श के लिए **www.jugendmigrationsdienste.de** पर जाएँ।

#### अप्रेंटिसशिप के लिए वीज़ा

आप जर्मनी में अप्रेंटिसशिप ढूँढने के लिए छह महीने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**इसके लिए आवश्यक है:** उम्र 25 वर्ष, जर्मन भाषा का B2 स्तर का ज्ञान, विदेश में किसी जर्मन स्कूल का प्रमाण पत्र या स्कूली शिक्षा का अंतिम सर्टिफिकेट जो विश्वविद्यालय में प्रवेश के योग्य करे, जीवन-निर्वाह के सुनिश्चित संसाधन।

#### जर्मन भाषा और अपनी मूल भाषा का फायदा

आपकी जर्मन भाषा जितनी अच्छी होगी उतना सफल आपका प्रशिक्षण होगा। व्यावसायिक (वोकेशनल) स्कूल के पाठ्य-क्रम जर्मन भाषा में हैं, परीक्षाएं भी जर्मन भाषा में ही की जाती हैं। आपकी अपनी भाषा, मातृभाषा काम पाने में फायदेमंद हो सकती है सो व्यावसायिक क्षेत्र में इसे बनाये रखना लाभप्रद होगा!

### दोहरी ट्रेनिंग (दोहरा प्रशिक्षण)

व्यवसायों की अप्रेंटिसशिप के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग अधिकतर दोहरे स्तर पर होती है। इसका मतलब यह है कि प्रशिक्षण का कुछ हिस्सा आपके कार्यक्षेत्र में (प्रायोगिक) और कुछ वोकेशनल स्कूल में (थ्योरी) होता है।

### केवल स्कूल आधारित प्रशिक्षण

कुछ अप्रेंटिस शिप सिर्फ टेक्निकल कॉलेज या वोकेशनल अकादमी (berufsakademi) में होते हैं। इन मामलों में प्रैक्टिकल भी स्कूल में ही होता है।

#### आर्थिक सहायता

यदि आप ट्रेनिंग के दौरान अपने माता-पिता के साथ नहीं रह सकते हैं क्योंकि आपका ट्रेनिंग सेंटर आपके माता-पिता के घर से बहुत दूर है तो आप वोकेशनल ट्रेनिंग भत्ता (BAB) के लिए आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए **www.arbeitsagentur.de** पर जाएँ।

### व्यावसायिक योग्यता

2 से 3 वर्षों के पश्चात् एक परीक्षा द्वारा हासिल की जा सकती है। कुशल व्यवसायों में अप्रेंटिसशिप पूरी करने के बाद एक दक्षता/कुशलता/विशेषज्ञता मास्टरी का प्रशिक्षण किया जा सकता है। यदि आप बाद में अपनी संस्था में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करना चाहते हैं तो यह परीक्षा पास करना आवश्यक है।

### काम की शुरुआत

यदि आप को नौकरी ढूँढने में सहायता चाहिए तो आप उपरोक्त केन्द्रों, उदाहरण के लिए जर्मन रोज़गार कार्यालय में संपर्क कीजिये या सीधे कंपनी में रिक्त स्थानों के बारे में पता कीजिये या जॉब पोर्टल्स पर ढूंढिए।

### फिर से स्कूल जाएँ

अप्रेंटिसशिप पूरी करने के बाद यह भी विकल्प है कि आप सामान्य या विषय-विशेष में उच्च शिक्षा(किसी वोकेशनल स्कूल में ) प्राप्त कर सकें। यूनिवर्सिटी में हासिल किये गए सर्टिफिकेट की वजह से आपके लिए बेहतर मानदेय वाली नौकरियों की संभावनाएं बढ़ जाती हैं।

#### विषय-विशेष में आगे पढ़ाई करना

अप्रेंटिसशिप के साथ-साथ कई क्षेत्रों में यह लाभप्रद होता है कि आप आगे की पढ़ाई करें। इस प्रकार आप विषय-विशेष में अपना ज्ञान बढ़ाते हैं और नौकरी के मामले में अपने संभावनाएं बेहतर करते हैं। सम्पूर्ण जर्मनी में उच्च शिक्षा संस्थानों की जानकारी आपको **www.kursnet-finden.arbeitsagentur.de** पर मिल जायेगी।

---

Europäische Union

Europa fördert
Asyl-, Migrations-, Integrationsfonds

यह परियोजना (एसाइलम, माइग्रेशन एंड इंटीग्रेशन फण्ड) शरणार्थी, प्रवासन व एकीकरण निधि से सह -वित्तपोषित है।